276
09-03-2018

**बिहार सरकार,**
**बिहार कौशल विकास मिशन,**
**श्रम संसाधन विभाग**

## आदेश

दिनांक–15.12.2017 को बिहार कौशल विकास मिशन के पदाधिकारियों के टीम के द्वारा SMD Technologies के साथ संबद्ध कौशल प्रशिक्षण केन्द्र BSDC, लालगंज KYP code 09060022 का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय इस केन्द्र पर क्लास रुम सत्र संचालित नहीं पाया गया । क्लास रुम का निरीक्षण करने के क्रम में क्लास रुम में प्रोजेक्टर एवं स्क्रीन भी नहीं पाया गया ।

निरीक्षण में पाये गये त्रुटि के आधार पर बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–BSDM/SDM-18/2017-138 दिनांक–05.02.2018 के द्वारा एजेंसी M/s SMD Technologies से स्पष्टीकरण की माँग की गयी ।

पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में SMD Technologies के प्राधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा अपने पत्र संख्या–SMD/Ltr/BSDM-SC-LG/140 दिनांक–12.02.2018 के द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया । अपने स्पष्टीकरण में एजेंसी के द्वारा यह उल्लेख किया गया कि निरीक्षी टीम के द्वारा जिस समय केन्द्र का निरीक्षण किया गया, उस समय 2 घंटे का क्लास रुम का सत्र समाप्त हो गया था तथा प्रशिक्षणार्थियों के 2 घंटे का लैब सत्र संचालित था । स्पष्टीकरण में यह कहा गया कि क्लास रुम में स्क्रीन उपलब्ध नहीं था, क्योंकि बह खराब हो गया था, जिसे दिनांक–19.12.2017 को बदल दिया गया ।

एजेंसी से प्राप्त स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं है । कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन में किसी बैच को 1 घंटे लैब तथा पुनः 1 घंटे क्लास रुम तथा फिर 1 घंटे लैब तथा 1 घंटे क्लास रुम अथार्त कुल 2 घंटे का लैब तथा 2 घंटे का क्लास रुम का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है, जिसका अनुपालन एजेंसी के द्वारा नहीं किया गया है । इसी प्रकार कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण केन्द्र पर सुचारु रुप से संचालित किये जाने हेतु केन्द्र पर सभी आवश्यक उपकरण तथा उपस्कर उपलब्ध होने चाहिए । यदि क्लास रुम में स्क्रीन नहीं था तो यह स्थापित करता है कि क्लास रुम का संचालन नहीं किया जा रहा है, और यदि यह किया जा रहा था तो यह निर्धारित मानको के अनुरुप नहीं रहा होगा ।

अतः एजेंसी M/s SMD Technologies से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए उन्हें कठोर चेतावनी निर्गत की जाती है तथा माह दिसम्बर, 2017 बैच के Final Invoice से 30% की राशि कटौती की जाती है । एजेंसी को यह भी चेतावनी निर्गत की जाती है कि भविष्य में कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन में किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने की स्थिति में उनके साथ हस्ताक्षरित अनुबंध को रद्द कर दिया जायेगा तथा उनके द्वारा जमा किये गये Performance guarantee की राशि को जब्त करते हुए उन्हें कार्य मुक्त कर दिया जायेगा ।

ह0/
(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–18/2016– 276 पटना,दिनांक–09-03-18

प्रतिलिपि– (1) **SMD Technologies** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) मिशन निदेशक/ प्रशासी पदाधिकारी/ मिशन प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन/ मिशन प्रबंधक, वित्त, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। मिशन प्रबंधक, वित्त को आदेश दिया जाता है कि वे M/s SMD Technologies के साथ संबद्ध BSDC, लालगंज, KYP code 09060022 के माह दिसम्बर, 2017 बैच के Final Invoice से 30% की राशि की कटौती करना सुनिश्चित करें । मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को आदेश दिया जाता है कि वे इस आदेश की प्रति को सभी SDC/BSDC को परिचारित करना सुनिश्चित करें ।

(3) Project Director, MKCL/ Project Director, SPMU(E&Y)/ SPMU Incharge, वैशाली/ श्री रत्नदीप सिंह, प्रबंधक,MIS & M&D को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । निदेशक दिया जाता है कि इस आदेश को बिहार कौशल विकास मिशन के Web portal पर Upload करना/कराना सुनिश्चित करें ।

9/3/18

प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।